گوڑگاؤں میں بد قسمتی سے یا خوش قسمتی سے سیکولرزم پایا جاتا ہے - ۲ لاکھ کے قریب مسلمان بھی بستے ہیں ویسے ہریانہ کی آبادی کا وہ ۱۵ فی صدی حصہ ہیں - اس کو پانی نہیں مل سکتا جب تک یہ لفظ نہ رکھیں اور آب پاشی کی بجائے دوسرا رکھیں - میں سمجھتا ہوں کہ یہ جو حصہ ہے وہ محروم ہو جاتا ہے - اس میں راجستھان، کشمیر، ہریانہ اور پنجاب سبھی حیرانی میں رہینگے کہ کس طرح سے یہ بات چلنے والی ہے - مجھے تو کسی نہ کسی طرح کا اشورنس نہیں دینگے کیونکہ میں ارجن اروڑا نہیں ہوں - یہ بڑی بھول ہو گئی ہے کہ اس میں باقی کا ذکر نہیں آیا نروانا پروجکٹ کا اور راوی پروجکٹ کا - اس لئے کوئی راستہ نکالئے سب کے ساتھ ٹھیک ویوہار ہو کیونکہ نروانا پروجکٹ میں پنجاب کا بھی حصہ ہوگا ہریانہ کا بھی ہوگا - پنجاب پر کتنا بوجھ پڑے گا یا ہریانہ کو کتنا بوجھ اٹھانا پڑے گا - راوی پروجکٹ سے کتنا ہریانہ کو ملے گا کتنا راجستھان کو اور کتنا کشمیر کو اس پر چپ ہیں کوئی نہ کوئی راستہ نکالئے -

†[**श्री अब्दुल गनी** : मेडम, इस पर मेरी बड़ी साधारण गुजारिश है । यह पंजाब और हरियाना के लोगों की मौत और जिन्दगी का सवाल है । इरिगेशन में इसलिए लाया हूं क्योंकि इसमें भाखड़ा और ब्यास के लिंक का तो जिक्र कर दिया । रावी पर जो बना रहे हैं जिस में राजस्थान और काश्मीर का भी हिस्सा होगा मेरी दरख्वास्त है कि यह इस पर बिल्कुल चुप हैं इसमें क्या होगा और क्या नहीं होगा ।

गुड़गांव में बदकिस्मती से या खुशकिस्मती से सैक्यूलरिज्म पाया जाता है । 2 लाख के करीब मुसलमान भी बसते हैं वैसे हरियाना की आबादी का वह 15 फीस दी हिस्सा हैं । उसको पानी नहीं मिल सकता जब तक यह लफ्ज न रखें और आबपाशी की बजाए दूसरा रखें । मैं समझता हूं कि यह जो हिस्सा है वह महरूम हो जाता है । इस में राजस्थान, काश्मीर, हरियाना और पंजाब सभी हैरानी में रहेंगे कि किस तरह से यह बात चलने वाली है । मुझे तो किसी न किसी तरह का एशोरेंस नहीं देंगे क्योंकि मैं अर्जुन अरोड़ा नहीं हूं । यह बड़ी भूल हो गई है कि इसमें बाकी का जिक्र नहीं आया । नरवाना प्रोजेक्ट का और रावी प्रोजेक्ड का । इसलिये कोई रास्ता निकालिये सब के साथ ठीक व्यवहार हो क्योंकि नरवाना प्रोजेक्ट में पंजाब का भी हिस्सा होगा हरियाना का भी होगा । पंजाब पर कितना बोझ पड़ेगा या हरियाना को कितना बोझ उठाना पड़ेगा । रावी प्रोजेक्ट से कितना हरियाना को मिलेगा, कितना राजस्थान को और कितना काश्मीर को, इस पर चुप हैं कोई न कोई रास्ता निकालिए ।]

श्री गुलजारी लाल नन्दा : इसमें रास्ता है । यह बहुत बड़ी चीज है । इसके लिये खास इन्तजाम है । बाकी जो केपिटल वर्क्स हैं उनका भी इसके साथ इन्तजाम है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Are you pressing your amendments ?

شری عبدالغنی : جب وہ کہتے ہیں کہ انتظام ہو جائے گا تو مجھے کیا ہے - میرا کام تو توجہ دلانا ہے -

[ ] Hindi transliteration.

†[श्री अब्दुल गनी : जब वह कहते हैं कि इन्तजाम हो जायेगा तो मुझे क्या है, मेरा काम तो तवज्जो दिलाना है ।]

Madam, I beg leave to withdraw my amendments.

* *Amendments Nos.* 73 *and* 74 *were, by leave, withdrawn.*

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

"That clause 54 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 54 *was added to the Bill.*

Clauses 55 *to* 66 *were added to the Bill.*

Clause 67—*Provisions as to certain Corporations*

SHRI V. M. CHORDIA : Madam, I move :

75. "That at pages 29 and 30, lines 36 to 38 and 1 to 27, respectively, be deleted."

{The amendment also stood in the name of Shri Sundar Singh Bhandari.)

SHRI M. P. BHARGAVA (Uttar Pradesh) : It is negative.

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया : माननीय भार्गव साहब ने कहा कि निगेटिव है । मेरा नम्र निवेदन है कि मैं आधा ही मिटवाना चाहता हूं । इसलिये इसको पूरा निगेटिव नहीं कहा जा सकता ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : It is not negative.

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया: भार्गव साहब ने कहा, इसलिये मैंने आपके माध्यम से उत्तर दिया । उपसभापति महोदया, अब यह जो संशोधन दे रहा हूं वह इस आशय से दे रहा हूं कि तीन हिस्सों के बीच एक लिन्क कायम रखें उस दृष्टि से हमारे शासन ने चाहा कि चंडीगढ़ को अलग रखा जाय, हाई कोर्ट एक रखा जाय । ऐसी स्थिति में सिंचाई और बिजली के दोनों बोर्ड भी कायम रहें तो क्या आपत्ति है । इसमें कोई कठिनाई विशेष आने वाली है तो बाद में विचार करें । आज से ही कानून में प्रावधान कर दें जबकि इसके बारे में पंजाब सीमा आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पेज 48, पैराग्राफ 134 में लिखा है :—

"A legalistic approach to a complex problem on the just solution which depends the prosperity of many territorial units, would be impermissible. Having carefully considered the problem, we are of the view that constitution of Joint Boards, one for irrigation and another for power, of the beneficiary States and the State which is the source of supply of water and power, having authority to lay down policies and execute them, consistently with the legitimate needs of the States concerned, under the supervision of the Central Government may be a practical solution of the problem raised by the division of the territory into separate units in which the canal and power supply lines are situated."

तो इस दृष्टि से दोनों के बीच में लिंक रखने के लिए है, जैसा कि हमारे शासन का भी आशय है और दोनों प्रान्तों का विभाजन करने वालों का भी आशय है और इसी आशय से हाई कोर्ट भी रखा है । तो क्या कारण है कि धारा 67 में उपधारा (3) और (4) रख कर के अभी से उन बोर्ड्स को अलग करें, उनका फंक्शन अलग तय कर लें और एक अलग व्यवस्था करें ।

मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि पूरी धारा 67 का मैं विरोध नहीं करता, उपधारा (1) और (2) आप रख सकते हैं लेकिन उपधारा (3) और (4) को डिलीट कर दें क्योंकि अभी जितने लिंक रख सके, रखें । इसी वजह से मैंने संशोधन रखा है और आयोग की रिपोर्ट भी वैसी ही है ।

The question was proposed.

t[J Hindi transliteration.

*For text of the amendments, *vide* col. 6512 *supra.*

SHRI GULZARILAL NANDA : Our approach is certainly in the same spirit, but in the case of the Electricity Board those considerations would not apply. The administration of the main powerhouse would be with the Bhakra Board. This Electricity Board is only for distribution. It is not necessary that the distribution should be with the same body.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is ;

75. "That at pages 29 and 30., lines 36 to 38 and 1 to 27 respectively, be deleted."

The motion was negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The question is :

"That clause 67 *stand part of the Bill."*

The motion was adopted.

Clause 67 *was added to the Bill.*

Clouses 68 *and* 69 *were added to the*

شری عبدالغنی : میڈم——میرا ایک پوائنٹ آف آرڈر ہے اگر کوئی امینڈ مینٹ موو ہو گیا ہو اور اسکے بعد وہ ممبر حاضر نہ ہوں تو اسکے لئے کیا ہو سکتا ہے - اس پر کیا اس کا اثر پڑتا ہے - یہ کیا آپ فرمائینگی ؟

†[श्री अब्दुल गनी : मेडम, मेरा एक प्वाइन्ट आफ आर्डर है अगर कोई अमेंडमेंट मूव हो गया हो और उसके बाद वह मेम्बर हाजिर न हों तो उसके लिये क्या हो सकता है ? इस पर इसका क्या असर पड़ता है । यह क्या आप फरमायेंगी ?]

THE DEPUTY CHAIRMAN : These were not moved at all.

Clauses 70 *to* 77 *were added to the BM.*

Clause 78*—Rights and liabilities in re. gard to Bhakra-Nangal and Beas Projects* THE DEPUTY CHAIRMAN : There is one amendment. That is barred. But you can speak on it, Mr. Ghani.

شری عبدالغنی : میڈم——امینڈمینٹ یہ ہے کہ آپ یہ بیاس اور ستلج کا ذکر کرتے ہیں لیکن راوی کا ذکر نہیں کرتے - میں نے پہلے بھی یہ کہا تھا کہ راوی کے پروجکٹ کا ذکر نہیں کیا - یہاں جو پانی کا ذکر کیا ہے اس میں بیاس اور ستلج کا تو ہے لیکن راوی کا نہیں ہے حالانکہ راوی کے پانی سے ہریانہ کو بھی، راجستھان کو بھی اور کشمیر کو بھی فائدہ پہنچتا ہے - تو اس لئے میں نے یہ کہا ہے کہ ستلج اور بیاس کے ساتھ ساتھ راوی کو بھی شامل کیا جائے - میرا خیال ہے کہ یہ بالکل سادھارن بات ہے اور اس کو تو قبول ہی کر لینگے -

†[श्री अब्दुल गनी : मेडम, एमेंटमेंट यह है कि आप यह व्यास और सतलुज का जिक्र करते हैं लेकिन रावी का जिक्र नहीं करते । मैंने पहले भी यह कहा था कि रावी के प्रोजेक्ट का जिक्र नहीं किया । यहां जो पानी का जिक्र किया है उसमें व्यास और सतलुज का तो है लेकिन रावी का नहीं है । हालांकि रावी के पानी से हरियाना को भी, राजस्थान को भी और काश्मीर को भी फायदा पहुंचता है । तो इसलिए मैंने यह कहा है कि सतलुज और व्यास के साथ साथ रावी को भी शामिल किया जाए । मेरा ख्याल है कि यह बिल्कुल साधारण बात है और उसको तो कबूल ही कर लेंगे ।]

t[ ] Hindi transliteration.

श्री गुलजारी लाल नन्दा : यह साधारण बात नहीं है क्योंकि जो अगले जमाने में, अगले 50, 100 वर्षों में, नये प्राजेक्ट्स बनेंगे उनकी बात है, उनको भी दाखिल कर लेने की जरूरत नहीं है । अभी तो इस समय जो प्राजेक्ट हैं उन्हीं का इसमें जिक्र है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

"That clause 78 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 78 *was added to the Bill.*

Clause 79—*Bhakra Management Board*

SHRI ABDUL GHANI: I move :

83. "That at page 40, line 10, after the word 'Ferozepur' the words Madhopur and Upper Bari Doab Canal up to the off-take of Madhopur Beas link and Madhopur Beas link' be inserted."

یہ بھی پانی کے ہی بارے میں ہے۔ کہتے ہیں کہ ۱۰۰ سال کے بعد ایک صدی کے بعد جو بنے گا اس کے لئے ہم کیا کریں ۔ میرا کہنا ہے کہ جو قومیں زندہ ہوتی ہیں وہ تو چار چار سو سال تک کا سوچتی ہیں ۔ یہ کانگریس سرکار ہی ہے کہ نت نئی ترمیمیں لاتی ہے اور لا کرکے اپنے ہی بلوں کو اپنی ہی باتوں کو ٹھکراتی ہے ۔

†[यह भी पानी के ही बारे में है ? कहते हैं कि 100 साल के बाद, एक सदी के बाद जो बनेगा उसके लिए हम क्या करें । मेरा कहना है कि जो कौमें जिन्दा होती हैं वह तो चार-चार सौ साल तक का सोचती हैं । यह कांग्रेस सरकार ही है कि नित नई तरमीमें लाती है और ला करके अपने ही बिलों को, अपनी ही बातों को ठुकराती है ।]

†[ ] Hindi transliteration.

The question was proposed.

श्री गुलजारी लाल नन्दा : अभी तो आज की ही बात लानी है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is ;

83. "That at page 40, line 10, after the word 'Ferozepur' the words Madhopur and Upper Bari Doab Canal up to the off-take of Madhopur Beas link and Madhopur Beas link' be inserted."

The motion was negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

"That clause 79 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 79 *was added to the Bill.*

Clauses 80 *to* 97 *were added to the Bill.*

The First Schedule was added to the Bill.

The Second Schedule was added to the Bill.

The Third Schedule was added to the Bill.

The fourth Schedule

SHRI ABDUL GHANI: I move :

36. "That in the Fourth Schedule, for paragraph 1, the following be substituted namely :—

'1. Of the three sitting members whose term of office will expire on the 2nd April, 1968, such one as the Chairman of the Council of States may determine by drawing lot, shall be deemed to have been elected to fill one of the seats allotted to the State of Haryana and the other two sitting members shall

[Shri Abdul Ghani.]

be deemed to have been elected to fill two of the seats allotted to the State of Punjab.'"

I also move :

37. "That in the Fourth Schedule, for paragraph 2, the following be substituted, namely :—

'2. Of the four sitting members whose term of office will expire on the 2nd April, 1970, namely Shri Anup Singh, Shri Jagat Narain, Shrimati Mohinder Kaur and Shri Uttam Singh Dugal, Shri Jagat Narain shall be deemed to have been elected to fill one of the seats allotted to the State of Haryana and the oiher three sitting members shall be deemed to have been elected to fill three of the seats allotted *to* the State of Punjab.' "

The questions were proposed.

شری عبدالغنی : میڈم——یہ ایک ایسی سمسیا ہے جس کا جواب جس طرح سے نندہ جی نے دیا اس سے میں قطعی سٹسفائڈ نہیں ہوں - میرا جو سنشودھن ہے وہ تو میں چھوڑ دوں گا کیونکہ انہیں منظور نہیں کرنا ہے لیکن جو میرا مقصد ہے وہ بڑا امپورٹنٹ ہے - آج نندہ جی نے جو جواب دینے کی کوشش کی اس میں انہوں نے امتیاز کیا ہے اپنے ممبروں میں - شری اٹوال کو اور شری نیکی رام جی کو کہتے ہیں ایک سیدھا ہریانہ میں جائے گا - ایک پنجاب اسٹیٹ میں جائے گا لیکن باقیوں کی لاٹری آئیگی - مجھے لاٹریوں سے جھگڑا نہیں ہے لیکن کیا کوئی دنیا میں ایسی مثال پیش کر سکینگے کہ اس طرح سے پارلیمنٹ نر پاپ کر دیا ہو کہ ایک ہی کیٹیگری کے ممبر ہیں - کسی نے ۱۹۶۸ کے بعد جانا ہے - کسی نے ۱۹۷۰ میں جانا ہے - کسی نے ۱۹۷۲ میں جانا ہے اور یہ اپنے آپ ان کو خیال آتا ہے کہ ان میں سے دو کو تو اس ڈھنگ سے یہاں یہاں بھیج دیں باقیوں کو لاٹری کے ذریعے سے - میں مان سکتا ہوں یہ کہتے ہیں جن کی جہاں جائیدادیں ہوں جہاں ان کے ووٹ ہوں وہاں جائیں وہ تو سمجھ میں آتا ہے لیکن اس میں انہوں نے جو امتیاز رکھا ہے ایک فرق رکھا ہے ایک شیڈولڈ بنانے کے وقت وہ نہ عقل کی کسوٹی، نہ انصاف کی کسوٹی پر نہ آئین کی کسوٹی پر پورا اترتا ہے ان کا کیا ادھیکار ہے - میرا عرض کرنے کا مطلب یہ ہے کہ کسی بھی طرح سے——یدی آپ پر ہی چھوڑ دیں تو آپ کہینگے نندہ صاحب کی بڑی بھول ہوئی یا نندہ صاحب کے روپ میں ہند سرکار کی بڑی بھول ہوئی دونوں میں فرق ہوا - وہ کس طرح سے ڈرائینگے - وہ نہیں ڈرا سکتے وہ کنسٹی ٹیوشن کی کوئی دفعہ نہیں پیش کر سکتے جس دفعہ کی تحت وہ اپنا کوئی ایسا ہل لا سکتے ہیں - وہ اس طرح کا فرق کرینگے کہیں لاٹری ہوگی کہیں لاٹری نہیں ہوگی تو اس کے لئے ان کو اپنا شیڈول واپس لینا چاہئے یا سب کی لاٹری کرائیں - اگر

یہ نہیں ہو تو ایک اصول قائم کریں جس اصول کی بنا پر جس کی جائیداد ادھر ہوگی یا ادھر ہوگی وہ اپنی اپنی جگہ جائینگے - جس کی ہمارے جیسے کی جائیداد نہ ادھر ہو نہ ادھر ہو وہ تو ان کی بات مان لینگے - میں سمجھتا ہوں اس میں ان کی بڑی بھول ہوئی ہے - اس لئے اس کو بدلنا چاہئے - اسی میں ان کا فائدہ ہے اور اسی میں ہندوستان کا فائدہ ہے -

†[**श्री अब्दुल गनी** : मेडम, यह एक ऐसी समस्या है जिसका जवाब जिस तरह से नन्दा जी ने दिया उससे मैं कतई सेटिस्फाइड नहीं हूं । मेरा जो संशोधन है वह तो मैं छोड़ दूंगा क्योंकि उन्हें मंजूर नहीं करना है । लेकिन जो मेरा मक़सद है वह बड़ा इम्पोर्टेन्ट है । आज नन्दा जी ने जो जवाब देने की कोशिश की उसमें उन्होंने इम्तयाज़ किया है अपने मेम्बरों में । श्री अटवाल को और श्री नेकी राम जी को कहते हैं एक सीधा हरियाना में जाएगा, एक पंजाब स्टेट में जायगा लेकिन बाकियों की लाटरी आएगी । मुझे लाटरियों से झगड़ा नहीं है लेकिन क्या कोई दुनिया में ऐसी मिसाल पेश कर सकेंगे कि इस तरह से पार्लियामेंट ने पास कर दिया हो कि एक ही केटेगरी के मेम्बर हैं, किसी ने 1968 के बाद जाना है, किसी ने 1970 में जाना है, किसी ने 1972 में जाना है और यह अपने आप उनको ख्याल आता है कि उनमें से दो को तो इस ढंग से यहां यहां भेज दें बाकियों को लाटरी के जरिए से । मैं मान सकता हूं कि यह कहते हैं जिनकी जहां जायदादें हों, जहां उनके वोट हों, वहां जाएं वह तो समझ में आता है लेकिन इसमें उन्होंने जो इम्तयाज़ रखा है एक फर्क रखा है एक शिड्यूल बनाने के वक्त वह न अकल की कसौटी पर, न इन्साफ की कसौटी पर, न आईन की कसौटी पर पूरा उतरता है । उनका क्या अधिकार है ? मेरा अर्ज़ करने का मतलब यह है कि किसी भी तरह से—यदि आप पर ही छोड़ दें तो आप कहेंगे नन्दा साहब की बड़ी भूल हुई या नन्दा साहब के रूप में हिन्द सरकार की बड़ी भूल हुई दोनों में फर्क हुआ । वह किस तरह से डराएंगे । वह नहीं डरा सकते, वह कांस्टीट्यूशन की कोई दफा नहीं पेश कर सकते जिस दफा के तहत वह अपना कोई ऐसा बिल ला सकते हैं । वह इस तरह का फर्क करेंगे कहीं लाटरी होगी, कहीं लाटरी नहीं होगी तो इसके लिए उनको अपना शिड्यूल वापिस लेना चाहिए या सब की लाटरी कराएं । अगर यह नहीं हो तो एक असूल कायम करें जिस असूल की बिना पर जिसकी जायदाद इधर होगी या उधर होगी वह अपनी अपनी जगह जाएंगे । जिसकी हमारे जैसे की जायदाद न इधर हो न उधर हो वह तो उनकी बात मान लेंगे । मैं समझता हूं इसमें उनकी बड़ी भूल हुई है इसलिए उसको बदलना चाहिए । इसी में उनका फायदा है और इसी में हिन्दुस्तान का फायदा है ।]

सरदार राम सिंह (उत्तर प्रदेश) : मैं इसकी ताईद करता हूं ।

श्री गुलजारीलाल नन्दा : मैं जवाब तो दे चुका हूं । एक नाम जो अब दिया गया वह तो खास पंजाब के हैं ही, बाकी पहले दो नाम पहली केटेगरी के हैं, वे हरियाना के हैं, उनमें से एक को दिया जाना है । तो "ड्रा आफ लाट" के अलावा और कोई रास्ता नहीं था, कोई एग्रीमेन्ट भी नहीं हुआ । तो इसमें कोई बात खिलाफ जाती है मैं नहीं मानता । इसकी आगे दलील तो हो चुकी है ।

DIWAN CHAMAN LALL : May I . . .

†[ ] Hindi transliteration.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The Minister has replied. I would like the procedure to be followed. After the Minister has replied, I do not think that we should invite any further comments on it.

The question is :

36. "That in the Fourth Schedule, for paragraph 1, the following be sub stituted, namely :—

'1. Of the three sitting members whose term of office will expire on the 2nd April, 1968, such one as the Chairman of the Council of States may determine by drawing lot, shall be deemed to have been elected to fill one of the seats allotted to the State of Haryana and the other two sitting members shall be deemed to have been elected to fill two of the seats allotted to the State of Punjab.'"

The motion was negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

37. "That in the Fourth Schedule, for paragraph 2, the following be sub stituted, namely :—

'2. Of the four sitting members whose term of office will expire on the 2nd April, 1970, namely, Shri Anup Singh, Shri Jagat Narain, Shrimati Mohinder Kaur and Shri Uttam Singh Dugal, Shri Jagat Narain, shall be deemed to have been elected to fill one of the seats allotted to the State of Haryana and the other three sitting members, shall be deemed to have been elected to fill three of the seats allotted to the State of Punjab.' "

The motion was negatived.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is ;

"That the Fourth Schedule stand part of the Bill."

The motion was adopted.

The Fourth Schedule was added to the mil.

The Fifth Schedule was added io the Bill

The Sixth Schedule

THE DEPUTY CHAIRMAN : Amendment No. 96 is a negative amendment. Mr. Chordia, you can speak ou it.

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चौरड़िया: धारा 21 पारित हो चुकी है । अब इस संशोधन को मूव करने से मुझे संतोष नहीं है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

"That the Sixth Schedule stand part of the Bill."

The motion was adopted.

The Sixth Schedule was added to th: Bill.

The Seventh Schedule was added to the Bill.

The Eighth Schedule was added to the Bill.

The Ninth Schedule was added to thi Bill.

The Tenth Schedule was added to the Bill.

The Eleventh Schedule was added to the Bill.

The Twelfth Schedule was added to the Bill.

The Thirteenth Schedule was added to the Bill.

The Fourteenth Schedule was added to the Bill.

The Fifteenth Schedule was added to the Bill.

The Sixte.mth Schedule

डा० शालिग्राम : मैं यह कहना चाहता हूं कि बहुत सारी छोटी-छोटी चीजें इस बिल में दर्ज कर दी गई हैं । यहां जो बड़े-

बड़े इम्पोर्टेण्ट प्रिंटिंग प्रेसेज हैं वे नहीं आए । में वजीर साहब का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता था ।

श्री गुलजारीलाल नन्दा : इसमें और इन्स्टीट्यूशन एड करने की बात है । उसका इंतजाम यूं भी हो सकता है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

"That the Sixteenth Schedule itand part of the Bill."

The motion was adopted.

Ths Sixteenth Schedule was added to the Bill.

Clause 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI GULZARILAL NANDA : Madam, I move :

"That the Bill be passed."

The question was proposed.

DIWAN CHAMAN LALL: Madam, on this third reading, may 1 reply to the hon. Home Minister in regard to myself and Moulvi Abdul Ghani ? I notice that what thg Home Minister said was that in regard to clause 1 of the Fourth Schedule, the choice has been left to the Chairman to decide which one of the two members shall go to Haryana, which one will go to Punjab. I draw his attention to clause 2 of the Fourth Schedule. In that he has not adopted this particular method. What he has done is this. He has put all the four names and said that there shall be a lot drawn by the Chairman of this House as to which one of these people shall go to Punjab and which one will go to Haryana. Now, why has he not adopted the same procedure in regard to clause 1 of the Fourth Schedule? Why has he made a difference. Now if you look at clause 3 again—that is what I was trying to point out to him—Clause 3 is entirely different, the procedure that he has adopted is entirely different from that which he has adopted in clauses 1 and 2. The procedure adopted in clause 3 is entirely different. I submit that there is discrimination in regard to this matter. Why he has done it, I do not know. I do not know, why. My hon. friend the Home Minister did it. For what reason did he do it, I do not know. And I am quite certain that none of the Members involved in this matter knows exactly why that was done, why Mr. Atwal was allotted to Punjab and the others were handed over to tbe choice of the Chairman by ballot that has to be held in regard to this particular matter. And when he says that it was the choice of choosing one of the two, the choice was also of choosing one of the four in clause 2. What happened in clause 2 was that all these four names were handed over to the ballot. Why were not all the three names handed over to the ballot as far as claose I is concerned ? There is no answer to this, there is really no answer to this why it was done, why different procedures were adopted. Ther$_e$ is no answer to this.

श्री निरंजन वर्मा (मध्य प्रदेश) : माननीया उपसभापति महोदया, तीसरे वाचन के समाप्त हो जाने के बाद यह बिल कानून के रूप में परिणत हो जायेगा । यह बहुत दुर्भाग्य की बात है कि अपने देश में धीरे-धीरे करके बहुत से राज्य और रियासतें बनती चली जा रही हैं । पहले भी हमारे यहां बहुत से राज्य थे, उनको मिटाकर हमने थोड़े राज्य किये, लेकिन उसके बाद अब हमारी सरकार इस बात पर तुली हुई है कि और बहुत से राज्य धीरे-धीरे बनते चले जाएं, इसके चार संभावित परिणाम होने वाले हैं, एक परिणाम यह है कि निश्चित रूप से जनता के ज्ञान में यह बात आ गई है कि हमारा केन्द्रीय शासन बहुत कमजोर है । दूसरी बात यह है कि जिस प्रकार की गलती पाकिस्तान के निर्माण के समय पर हमने की थी वह दूसरी बार फिर हम कर रहे हैं, धर्म के आधार पर प्रदेश का बंटवारा कर रहे हैं । तीसरी गलती यह है कि आगे चलकर हम पंजाब का राज्य जो कि एक शक्तिशाली राज्य होना चाहिये

[श्री निरंजन वर्मा]

था, वह और छोटा हो चला है । उसका परिणाम यह होगा कि पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के बीच में एक बहुत बड़ा बफर स्टेट जो लोग होने देना चाहते थे या होने वाला था वह हो गया और एक छोटा-सा राज्य बीच में आने वाला है ।

महोदया, जैसा कि योरुप के हतिहास में हुआ है कि जर्मनी और फ्रांस के बीच में एक छोटा-सा टुकड़ा है, वहां पर जर्मनवाले लोग जर्मन भाषा बोलते हैं, फ्रांस वाले लोग फ्रांस की भाषा बोलते हैं । इस जगह का नाम राइन लैंड है और यह राइन नदी के किनारे पर बसा हुआ है और यहां पर बहुमूल्य खदानें हैं । इसके बाद में संसार के दो बड़े युद्ध हो चुके हैं, लेकिन वह न कभी इधर हुआ और न कभी उधर हुआ । इस तरह से अंग्रेजों के समय में उन्होंने रूस और हिन्दुस्तान के बीच में अफगानिस्तान को एक बड़ा बफर स्टेट बनाया हुआ था । लेकिन आज दुःख के साथ कहा जाता है कि हमारी सरकार ने हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच में कोई बफर स्टेट नहीं बनाया है और न ही कोई बड़ा राज्य ही बना पाई है । उसने उल्टे जो सरहद पर बड़ा राज्य था उसको छोटा कर दिया है । हमारे योग्य मंत्री जी, श्री नन्दा जी, कहते हैं कि हमने एक बड़ी भारी विजय प्राप्त करली है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि उन्होंने निश्चित रूप से कुछ थोड़े से व्यक्तियों के सामने झुककर अपनी कमजोरी और शासन की कायरता बतलाई है । इसलिए हम उनसे यह संकल्प लेना चाहेंगे कि भविष्य में इस तरह के और छोटे छोटे राज्य नहीं बनने पायेंगे किसी भी दबाव में आकर, जिससे कि हमारा यह भारतवर्ष ही नष्ट न हो जाय । हमारी मंत्री जी से यही प्रार्थना है और यही हमारी मांग भी है ।

شری عبدالغنی : میڈم ڈپٹی چیرمین—اس تھرڈ اسٹیج میں کچھ زیادہ کہنے کی ضرورت نہیں تھی لیکن بد قسمتی یہ ہے کہ شاید ہی کوئی ایسا بل آیا ہو جس میں آئین کے ساتھ اتنی بے انصافی کی گئی ہو اور آئین کے خلاف باتیں کی گئی ہوں اور سادھارن انصاف کی خلاف باتیں کی گئی ہوں جیسا کہ دیوان صاحب نے ایکسپلین کیا یہ ایک ایسا بل ہے جس کو کسی بھی اسٹیج پر لاگو نہیں ہونا چاہئے اور نہ ان کے اوپر بوجھا ہی بڑھانا چاہئے - ہم زبردستی اس بل کے ذریعہ ہائی کورٹ کا خرچہ ان کے اوپر ڈال رہے ہیں اگر ہم آرٹیکل ۲۲۹ اور ۲۳۱ کو دیکھیں تو اس سے یہ بات جمتی نہیں ہے جو کہ یہ بل میں بات لائی جا رہی ہے - بہر حال آپ کرنا چاہتے ہیں - آپ کی زیادہ تعداد ہے بے شک کیجئے لیکن آپ کو کوئی بھی ہسٹورین معاف نہیں کرے گا کیونکہ آپنے اپنی تعداد اور زیادتی کے ساتھ اس بل کو پاس کرا دیا ہے - لیکن میرا یقین ہے - ''آئی ایم شیور،، کہ لوگ اس کو نہیں مانیں گے - اور سپریم کورٹ تک گورنمنٹ کا کوئی ساتھ نہیں دے گا - تو میں کہنا چاہتا ہوں کہ گورنمنٹ کا کوئی ساتھ دینے والا نہیں ہے اور ہماری سرکار کے پاس کوئی جواب بھی نہیں ہے - لیکن آپ تعداد اور زیادتی کی وجہہ سے جو چاہے من

رہ گئے کہ ان کی اسٹیٹ کہاں ہے تو مجھے ڈر ہے کہ پنجاب کے بارے میں جس طرح افراتفری میں جلدی میں آپ نے یہ بل پاس کرکے ایک نئی اسٹیٹ بنا رہے ہیں اس کو پھر ختم نہ کر دیں - مجھے اس بات کی خوشی بھی ہے اور ڈر بھی ہے اور ڈر اس وجہہ سے ہے کہ تمام ملک کے ۷ حصوں کے ۷ سٹیٹ بن سکتے تھے مگر آپ نے کئی بنا دئے اور زبانوں کی آڑ لے کر بنائے ہیں - مجھے خطرہ ہے کہ آپ کل کہیں اسی زبان کے بہانے سے جموں و کشمیر کے بھی ٹکڑے نہ کر دیں - پہلے ہی کشمیر کے دو ٹکڑے ہو چکے ہیں اور اب پھر سے جموں کشمیر کو ڈوگری زبان کے آدھار پر ، کشمیری زبان کے آدھار پر اور لداخ کو چونکہ وہاں پر بودھ لوگ بستے ہیں ان کی زبان کے آدھار پر اس طرح کے تین چھوٹے ٹکڑوں میں کہیں بانٹ دیں گے کیونکہ فرقہ پرست ایسی آوازیں اٹھا رہے ہیں تو میں یقین کے ساتھ کہہ سکتا ہوں کہ یہ اچھی بات نہیں ہوگی - آپ علاقہ جیسے کہتے ہیں ہندی بولنے والوں کا تو اس میں بہار بھی ہے یو - پی - بھی ہے راجستھان بھی ہے اور اس کے ساتھ ساتھ مدھیہ پردیش بھی ہے تو ان سب ہندی بولنے والوں کی ایک اسٹیٹ کیوں نہیں بنائی - ان کو الگ الگ علاقوں میں کیوں بانٹ میں آئے کر لیں لیکن مجھے ڈر ہے کہ آگے ایسا نہ ہو کہ یہ زبان کے آدھار پر جو کچھ اس سمے چل رہا ہے وہ آگے بھی چلتا رہے کیونکہ زبانیں ہم نے مانی ہیں - اگر زبان کے بارے میں ہریانہ والوں نے کہا کہ نہیں ہریانہ ملنا چاہئے اور اکالی بھائی چاہتے تھے کہ ان کا پنجابی صوبہ بننا چاہئے تو یہ بات سمجھ میں آ سکتی تھی لیکن اگر اس بنا پر اردو زبان بولنے والے کہتے کہ ان کی ایک ریاست ہو جیسے مغربی یو - پی - کیونکہ اردو زبان نے آزادی کے لئے سب سے زیادہ کام کیا ہے - لیکن زبان تو اردو ہے اور یہ بالکل حقیقت ہے کہ مغربی یو - پی - میں ہندو مسلمان سب لوگ تقریباً ۱۰۰ فی صدی اردو بولتے ہیں اور ان کی زبان اردو ہے تو کل وہ کہینگے کہ ہم کو الگ ریاست دی جائے تو آپ کہینگے کہ یہ مسلمان جو ہیں یہ فرقہ پرست ہیں اور اسی لئے اسی قسم کی یہ آواز اٹھاتے ہیں - حالانکہ زبانوں کے آدھار پر آپ نے ریاستیں بنائی ہیں اور یہ ہریانہ اور پنجابی صوبہ بھی اسی بنا پر بنایا جا رہا ہے مجھے ان سے یہ بھی ڈر ہے کیونکہ انہوں نے پہلے وندھیہ کا اسٹیٹ بنایا ، مدھیہ بھارت کا اسٹیٹ بنایا ، پیپسو بنایا ، جو من میں آیا کیا اور جب چاہا ڈولی میں ڈال کر لڑکی کو باہر نکال دیا - اور لوگ دیکھتے

کشمیر کے بارے میں پوری پوری سوچ سمجھ اور فراخ دلی سے کام لینا چاہئے کیونکہ کشمیر کے لوگ محبت سے خود ہمارے ساتھ آئے تھے اور یہ بات شری نندہ جی کو سمجھ لینی چاہئے - کہ شیخ صاحب ریاست کو ہندوستان کے ساتھ لائے اور اب نندہ جی اسکو بانٹنے کی فکر میں ہیں - نندہ جی تو اتنے ہی حصہ کو جو ہمارے ساتھ ہے غنیمت سمجھے ہیں اور اس دوسرے حصہ کو ساتھ نہیں لا رہے ہیں وہ شیخ عبداللہ کی وجہہ سے ملا ہے چاہے انہیں جیل میں ڈال رکھا ہے لیکن وہ سب سے بڑے محب وطن ہیں اور انہیں جیل میں ڈال رکھا ہے انہیں رہا کرنا چاہئے - وہی سارا کشمیر ہمارے ساتھ رکھ سکتے ہیں اور لا سکتے ہیں - مگر نندہ جی غنیمت سمجھتے ہیں جتنا کشمیر آ گیا ہے اتنا ہی کافی ہے کیونکہ باقی کے لئے انہوں نے آواز نہیں اٹھائی - آپ یہ نہ سمجھیں کہ یہی کافی ہے فرقہ پرست اب ایسی آوازیں اٹھا رہے ہیں - کہ ہماچل پردیش کے ساتھ جموں کو ملا دیجئے لداخ کو ملا دیجئے اور اسی طرح سے دہلی کو چھوڑ دیجئے-مجھے ڈر ہے کہ کہیں سرکار ایسا نہ کرے کیونکہ وہ زبان کا بہانہ لے کر پھر آئے گی کہ ایسا کر دو وہ اپنی زیادہ تعداد کے بھروسہ ہم سے اس طرح کی بات منوائینگے تو میں سمجھتا

[شری عبدالغنی]

دیا - میری سمجھ میں یہ بات آ سکتی ہے کہ علاقوں کو کچھ حصوں میں بانٹ دیا جائے لیکن یہ زبان کے آدھار پر آپ نے ایک علاقہ کو کچھ حصوں میں بانٹ دیا یہ ٹھیک نہیں ہے - اسی طرح مجھے یہ ڈر ہے کہ آپ لوگ زبان کے آدھار پر کل کہیں کشمیر کو بھی نہ بانٹ دیں مجھے آپ کی اس سرکار سے سخت گلہ ہے - سخت شکایت ہے کیونکہ اس نے سب سے اچھے اور بہت بڑے وطن دوست اور بہادر ساتھی کو بلا وجہ نظر بند کر رکھا ہے - یہ وہی بہادر شیخ عبداللہ ہے جس کی رہنمائی میں سارے کشمیر نے ہمارا ساتھ دیا تھا اور اس وقت اس نے اس بات کی پرواہ نہیں کی تھی کہ پاکستان کیا کہتا ہے اس نے پاکستان کا مقابلہ کیا اور اس وقت جتنا جموں و کشمیر ہمارے پاس ہے وہ اس کی وجہ سے ہے اور جو حصہ آزاد کشمیر کہلاتا ہے اور پاکستان کے قبضے میں ہے اگر ہم پوری طرح شیخ صاحب کا ساتھ دیتے تو وہ بھی ہمارے ساتھ آ جاتا مگر اس کے حصول کی کوئی کوشش نہیں کی - اسکی واپسی کا کوئی مطالبہ نہیں کیا - اسکے واپس لینے کے لئے تاشقند معاہدے میں شرط نہیں رکھوائی - مجھے ڈر ہے کہ کشمیر کے بارے میں ایسا حال نہ کریں جس سے ہماری ہانی ہو اور ہمارا نقصان ہو - جموں و

ہوں کہ اگر آپ نے اس طرح کی بات کی تو اس سے دیش کا نقصان ہوگا - اس لئے اس اسٹیج پر صرف یہی گذارش کرونگا کہ اگر آپ کو دیش سے پیار ہے ، اگر آپ نیشنل انٹیگریشن چاہتے ہیں ، اگر آپ چاہتے ہیں کہ چین اور پاکستان ہی نہیں جو بھی ظالم ہمارے دیش کی طرف آنکھ اٹھا کر دیکھے گا ہم اس کا مقابلہ کرینگے اس کی آنکھ نکال دینگے - تو پھر آپ کو یہ صوبہ جاتی پیار اور زبان کے پیار جیسی چھوٹی چھوٹی چیزوں کو تیاگنا ہوگا آج نہیں تو کل تیاگنا ہوگا ضرور چھوڑنا ہوگا - بڑا دل کرنا ہوگا - میں بڑے ادب کے ساتھ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ یہ جو بل ہے وہ آئین کے خلاف ہے دیش کے ہت کے خلاف ہے اور یہ کہکر میں اس بل کی مخالفت کرتا ہوں -

†[**श्री अब्दुल गनी** : मेडम डिप्टी चेयरमेन, इस थर्ड स्टेज में कुछ ज्यादा कहने की जरूरत नहीं थी लेकिन बदकिस्मती यह है कि शायद ही कोई ऐसा बिल आया हो जिस में आईन के साथ इतनी बेइन्साफी की गई हो और आईन के खिलाफ बातें की गई हों और साधारण इन्साफ की खिलाफ बातें की गई हों जैसा कि दिवान साहब ने एक्सप्लेन किया। यह एक ऐसा बिल है जिसको किसी भी स्टेज पर लागू नहीं होना चाहिए और न उनके ऊपर बोझा ही बढ़ना चाहिए । हम जबरदस्ती इस बिल के जरिए हाईकोर्ट का खर्चा उनके ऊपर डाल रहे हैं । अगर हम आर्टिकल 229 और 231 को देखें तो इससे यह बात जमती नहीं है कि जो बिल में यह बात लाई जा रही है । बहरहाल, आप करना चाहते हैं । आपकी ज्यादा तादाद है, बेशक कीजिए लेकिन आप को कोई भी हिस्टोरियन माफ नहीं करेगा क्योंकि आपने अपनी तादाद और ज्यादती के साथ इस बिल को पास करा दिया है । लेकिन मेरा यकीन है , आई एम श्योर, कि लोग इसको नहीं मानेंगे और सुप्रीम कोर्ट तक गवर्नमेंट का कोई साथ नहीं देगा । तो मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट का कोई साथ देने वाला नहीं है और हमारी सरकार के पास कोई जवाब भी नहीं है । लेकिन आप तादाद और ज्यादती की वजह से जो चाहे मन में आए कर लें लेकिन मुझे डर है कि आगे ऐसा न हो कि यह जबान के आधार पर जो कुछ इस समय चल रहा है वह आगे भी चलता रहे क्योंकि जबानें हमने मानी हैं । अगर जबान के बारे में हरयाना वालों ने कहा कि इन्हें हरयाना मिलना चाहिए और अकाली चाहते थे कि उनका पंजाबी सूबा बनना चाहिए तो यह बात समझ में आ सकती थी लेकिन अगर इस बिना पर उर्दू जबान बोलने वाले कहते कि उनकी एक रियासत हो जैसे मगरबी यू० पी० क्योंकि उर्दू जबान ने आज़ादी के लिए सब से ज्यादा काम किया है, लेकिन जबान तो उर्दू है और यह बिल्कुल हकीकत है कि मगरबी यू० पी० में हिन्दू-मुसलमान सब लोग तकरीबन 100 फीसदी उर्दू बोलते हैं और उनकी जबान उर्दू है तो कल वह कहेंगे कि हमको अलग रियासत दी जाए तो आप कहेंगे कि यह मुसलमान जो हैं यह फिरका-परस्त हैं और इसीलिए इस किस्म की यह आवाज उठाते हैं । हालांकि जबानों के आधार पर आप ने रियासतें बनाई है और यह हरयाना और पंजाबी सूबा भी इस बिना पर बनाया जा रहा है । मुझे इनसे यह भी डर है क्योंकि उन्होंने पहले विन्ध्या का स्टेट बनाया, मध्य भारत का स्टेट बनाया, पेप्सू बनाया जो मन में आया और या जब

†[ ] Hindi transliteration.

[श्री अब्दुल ग़नी]

चाहा डोली में डाल कर लड़की को बाहर निकाल दिया । और लोग देखते रह गये कि उनकी स्टेट कहां है । तो मुझे डर है कि पंजाब के बारे में जिस तरह अफरातफरी में, जल्दी में, आपने यह बिल पास कर एक नई स्टेट बना रहे हैं उसको फिर खत्म न कर दें । मुझे इस बात की खुशी भी है और डर भी है और डर इस वजह से है कि तमाम मुल्क के 7 हिस्सों के 7 स्टेट बन सकते थे मगर आपने कई बना दिए और जबानों की आड़ लेकर बनाए हैं । मुझे खतरा है कि आप कल कहीं इसी जबान के बहाने से जम्मू व काश्मीर के भी टुकडे न कर दें । पहले ही काश्मीर के दो टुकड़े हो चुके हैं और जब फिर जम्मू व काश्मीर को डोगरी जबान के आधार पर, काश्मीरी जबान के आधार पर और लद्दाख की चूंकि वहां पर बौद्ध लोग बसते हैं उनकी जबान के आधार पर इस तरह के तीन छोटे टुकड़ों में कहीं बांट देंगे क्योंकि फिरकापरस्त ऐसी आवाजें उठा रहे हैं तो मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि यह अच्छी बात नहीं होगी । आप इलाका जैसे कहते हैं हिन्दी बोलने वालों का तो उसमें बिहार भी है, यू० पी० भी है, राजस्थान भी है और उसके साथ साथ मध्य प्रदेश भी है तो उन सब हिन्दी बोलने वालों की एक स्टेट क्यों नहीं बनायी । उनको अलग अलग इलाकों में क्यों बांट दिया । मेरी समझ में यह बात आ सकती है कि इलाकों को कुछ हिस्सों में बांट दिया जाए लेकिन यह जबान के आधार पर आप ने एक इलाके को कुछ हिस्सों में बांट दिया यह ठीक नहीं है । इसी तरह मुझे यह डर है कि आप लोग जबान के आधार पर कल कहीं काश्मीर को भी न बांट दें ।

मुझे आपकी इस सरकार से सख्त गिला है, सख्त शिकायत है क्योंकि इसने सब से अच्छे और बहुत बड़े वतन दोस्त और बहादुर साथी को बिला वजह बन्द कर रखा है यह वही बहादुर शेख अब्दुल्ला है जिसकी राहनुमाई में सारे काश्मीर ने हमारा साथ दिया था और उस वक्त उस ने इस बात की परवाह नहीं की थी कि पाकिस्तान क्या कहता है । इसने पाकिस्तान का मुकाबला किया और इस वक्त जितना जम्मू व काश्मीर हमारे पास है वह उसकी वजह से है । और जो हिस्सा आजाद काश्मीर कहलाता है और पाकिस्तान के कब्जे में है अगर हम पूरी तरह शेख साहब का साथ देते तो वह भी हमारे साथ आ जाता मगर इसके हसूल की कोई कोशिश नहीं की । इसकी वापसी का कोई मुतालबा नहीं किया । इस के वापस लेने के लिए ताशकन्द मुआहिदे में शर्त नहीं रखवाई । मुझे डर है कि काश्मीर के बारे में ऐसा हाल न करें जिस से हमारी हानि हो और हमारा नुकसान हो । जम्मू व काश्मीर के बारे में पूरी पूरी सोच समझ और फराख़ दिली से काम लेना चाहिए क्योंकि काश्मीर के लोग मुहब्बत से खुद हमारे साथ आए थे और यह बात भी श्री नन्दा जी को समझ लेनी चाहिए कि शेख साहब रियासत को हिन्दुस्तान के साथ लाए और अब नन्दा जी उसको बांटने की फिकर में हैं । नन्दा जी तो उतने ही हिस्से को जो हमारे साथ है, गनीमत समझते हैं और इस दूसरे हिस्से को साथ नहीं ला रहे हैं । ताहम काश्मीर का जो हिस्सा हमारे साथ है वह शेख अब्दुल्ला की वजह से मिला है चाहे उन्हें जेल में डाल रखा है लेकिन वह सब से बड़े मुहिब्बे वतन हैं और उन्हें जेल में डाल रखा है, इन्हें रिहा करना चाहिए वही सारा काश्मीर हमारे साथ रख सकते हैं और ला सकते हैं मगर नन्दा जी गनीमत समझते हैं जितना काश्मीर आ गया है उतना ही काफी है क्योंकि बाकी के लिए उन्होंने आवाज नहीं उठाई । आप यह न समझें कि यही काफी है फिरका-परस्त अब ऐसी आवाजें उठा रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश के साथ जम्मू को मिला दीजिए, लद्दाख को मिला दीजिए और

इसी तरह से वैली को छोड़ दीजिए । मुझे डर है कि कहीं सरकार ऐसा न करे क्योंकि वह जबान का बहाना लेकर फिर आएगी कि ऐसा कर दो वह अपनी ज्यादा तादाद के भरोसे हम से इस तरह की बात मनवायेंगे तो मैं समझता हूं कि अगर आपने इस तरह की बात की तो इससे देश का नुकसान होगा । इसलिए इस स्टेज पर सिर्फ यह गुजारिश करूंगा कि अगर आपको देश से प्यार है, अगर आप नेशनल इंटिग्रेशन चाहते हैं, अगर आप चाहते हैं कि चीन और पाकिस्तान ही नहीं जो भी जालिम हमारे देश की तरफ आंख उठा कर देखेगा हम उसका मुकाबला करेंगे उसकी आंख निकाल देंगे । तो फिर आपको यह सूबा, जाती प्यार और जबान के प्यार जैसी छोटी छोटी चीजों को त्यागना होगा, आज नहीं तो कल त्यागना होगा, जरूर छोड़ना होगा, बड़ा दिल करना होगा । मैं बड़े अदब के साथ अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो बिल है वह आईन के खिलाफ है, देश के हित के खिलाफ है और यह कहकर मैं इस बिल की मुखालफत करता हूं ।]

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : उपसभापति जी, मेरी इच्छा के विरुद्ध यह पंजाब का पुनर्गठन किया जा रहा है, लेकिन हमारी सरकार के पास कोई चारा नहीं था । हमारी सरकार को यह चीज मजबूरन स्वीकार करनी पड़ी और पंजाब का बंटवारा करना पड़ा । हम सब राज्यसभा के सदस्यों को अपनी सदिच्छा उन्हें भेजनी चाहिये ताकि हरियाणा और पंजाब का सूबा खूब फले फूले, तरक्की करे और दोनों आपस में मिलकर रहें ।

चंडीगढ़ के बारे में कुछ धमकियां आई हैं । बाहर से भी धमकियां आई और यहां भी धमकियां दी गई और हमारे सदन के एक माननीय सदस्य श्री पंजहजारी जी ने गृह मंत्री जी के ऊपर छींटाकसी भी की तथा उन्हें कमजोर बतलाया । लेकिन यह बात सही नहीं है । जहां तक चंडीगढ़ को यूनियन टैरीटरी में रखने की बात है, कमिशन के दो सदस्यों की इस बारे में एक राय थी और एक सदस्य की एक राय थी । इसलिए कमिशन ने इस चंडीगढ़ को पंजाब को न दिया बल्कि बहुमत से हरियाणा को दिया । इसलिए सरकार ने सोच समझकर पंजाब और हरियाणा सूबों को बराबर के स्तर पर इस बारे में रखा । यह बात ठीक है कि दोनों की राजधानी वहां पर हो, लेकिन श्री नन्दा जी के बारे में यह कहना कि उन्होंने कमजोरी दिखलाई है, उचित मालूम नहीं देता है । वह बहुत स्ट्रांग हमारे होम मिनिस्टर हैं । यहां काश्मीर की समस्या की बात आई, पाकिस्तान की बात आई, चीन की भी बात आई । हमारे नन्दा जी का बराबर रुख यही रहा है कि यह बड़े मजबूत रहे हैं, लेकिन इन पर भी इल्जाम लगाये गये हैं । हमारी सरकार पर भी इल्जाम लगाये गये हैं । इस लिये अब आगे यदि कोई धमकी हो, चाहे वह संत फतेह सिंह की तरफ से हो या किसी की तरफ से हो, हमारी सरकार किसी धमकी के आगे झुके नहीं । ईस्टर्न जोन से भी ऐसी धमकी की बातें हो रही हैं, मिज़ो, नागालैंड और खासी जयंतिया हिस्से वाले भी धमकी की बातें कर रहे हैं और अभी गनी साहब ने भी कहा कि जम्मू और काश्मीर का भी इसी तरह से बंटवारा होगा । मैं यह नहीं कहता कि स्टेट्स का फार्मेशन नहीं होना चाहिये, लेकिन आगे आप को उस तरह से कोशिश करनी चाहिये जैसी कि आसाम में आवाज उठ रही है कि आसाम का भी बंटवारा होना चाहिये । वहां यह आवाज उठनी चाहिये कि आसाम, मनीपुर, त्रिपुरा, नेफा और नागालैंड को मिल जुल कर बार्डर का एक संगठित स्टेट बनना चाहिये । दिनोंदिन यह हवा जोर पकड़ रही है । लेकिन जहां धमकी दी जा रही है वहां यदि आपने शुरू में कमजोरी दिखलाई तो झगड़े हो सकते हैं, डंडे चल सकते हैं और दुकानें वगैरह जल सकती हैं । वोट लेने के लिये बहुत सी बातें हो सकती हैं । मैं सरकार को खबरदार कर देना चाहता हूं कि आसाम में दिसम्बर में कुछ सत्याग्रह शुरू होने वाला है और इधर

[श्री शीलभद्र याजी]

ऐसी वीकन्ड पालिसी रही है जिससे हमें कभी कभी झुकना पड़ता है। इस लिये ऐसी कमजोर पालिसी को छोड़ कर के, थोड़ा मुस्तैदी के साथ और मजबूती के साथ हमारी सरकार को अपना काम करना चाहिये। अब जैसे चंडीगढ़ को ही ले लीजिये। चंडीगढ़ के सम्बन्ध में जो आप निर्णय ले चुके हैं, उसको अगर कोई बदलवाना चाहे, तो उसको आप बदलें नहीं।

दूसरी बात यह है कि जब आपने पंजाब का बंटवारा किया है तो पंजाब की जितनी प्रापर्टी पंजाब से बाहर है, चाहे वह किसी भी स्टेट में हो, वह हरियाना को मिलनी चाहिये, पंजाब को मिलनी चाहिये और जब हिमाचल को आपने चार डिस्ट्रिक्ट्स दिये हैं तो उसको भी मिलनी चाहिये। इसमें सरकार को इधर उधर करने की जरूरत नहीं है। सब का समानता-पूर्वक बंटवारा करना चाहिये। रावी नदी के बारे में भी समस्या आई है। सरकार को इस पर सोचना चाहिये और जिस तरह से भाखरा नंगल का प्रबन्ध किया गया है, उसी तरह से इसका भी कोई उचित प्रबन्ध किया जाना चाहिये।

इन शब्दों के साथ दिल से नहीं, लेकिन जो हालात पैदा हो गये हैं उनको देखते हुये मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI M. P. BHARGAVA : Madam, I take this opportunity of wishing all prosperity to the newly created States of Punjab and Haryana and the extended Union territory of Himachal Pradesh and the newly created Union territory of Chandigarh. I will be failing in my duty if I do not protest against some of the remarks made by my hon. friend Shri Khobaragade during his speech. He comes from a big State himself, a big State like Maharashtra, and I do not know on what basis he demanded a division of the States of Uttar Pradesh and Bihar.

SHRI GULZARILAL NANDA : I took an hour, much longer than I had intended, in making a reply to the debate. I have, in the course of my reply, dealt with all the questions. Some of them were raised again here like reorganisation, creation of new units and also Chandigarh and it was stated that we are answerable for that. I will only say just one word about the matter which seems to have greatly upset my friend Diwan Chaman Lall. He seems to be, I shall not say unduly, worried about it. It was open to us to follow the course, which he suggested. The course that we have adopted here wai. also open to us. There is a good reason. Categories one, two and three do not stand on the same footing. About category one there was this question of having one Member to be allotted to Punjab. Surjeet Singh was already known to be in Punjab and among the two, Abdul Ghani and Diwan Chaman Lall, one had to be allocated to Punjab, deemed to be there again. Therefore, the question of bringing in Surjeet Singh also for the purpose of drawing this lot was not necessary. This is the answer. There is no discrimination. Here the reason, that may not be good enough for the hon. Member. Number three is also the same—one Member belonging to the area of Himachal Pradesh and one to Haryana. There was no need for a lot.

I will conclude with the expression of the hope and prayer that the two unit* which are being created will prosper, make rapid progress and develop cooperative, neighbourly and friendly relations among themselves.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is :

'That the Biil be passed."

The motion was adopted.

STATEMENT *RE* STARRED QUESTION NO. 678 ANSWERED ON THE 26TH AUGUST, 1966

DR. KARAN STNGH'S PROPOSAL ON KASHMIR

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI GULZAWLAL NANDA) : Madam, in reference to the Starred Question No. 678 answered in this